Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 02-03-2007

Participants : Singh Dr. Raghuvansh Prasad

Title: The Minister of Rural Development laid a statement regarding status of implementation of recommendations in 20th Report of Standing Committee on Rural Development, pertaining to the Department of Drinking Water supply, Ministry of Rural Development.

ग्रामीण विकास मंत्री (डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह) : महोदय, मैं लोक सभा के दिनांक 01.09.2004 के बुलेटिन भाग-2 द्वारा जारी लोक सभा के आदरणीय अध्यक्ष के निदेश 73'क' के अनुपालन में ग्रामीण विकास से संबंधित स्थायी समिति (पेयजल आपूर्ति विभाग) की 20वीं रिपोर्ट (2005-06) में दी गई सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति पर यह वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूँ।

ग्रामीण विकास से संबंधित स्थायी समिति (पेयजल आपूर्ति विभाग) (14वीं लोक सभा) ने वित्तीय वर्ा 2006-07 के लिए पेयजल आपूर्ति विभाग की अनुदान मांगों की जांच की थी और 18.05.2006 को लोक सभा में अपनी 20वीं रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। रिपोर्ट में 34 सिफारिशें थीं।

20वीं रिपोर्ट में दी गई समिति की टिप्पणियों/अवलोकनों के संबंध में की गई कार्रवाई से संबंधित विवरण 23.8.2006 को ग्रामीण विकास मंत्रालय, पेयजल आपूर्ति विभाग की ग्रामीण विकास से संबंधित स्थायी समिति को भेजा गया है।

समिति की 34 सिफारिशें मुख्यतः लोक सभा अध्यक्ष द्वारा दिए गए निदेशों के निदेश - 73 'क' के अंतर्गत समिति द्वारा अपनी पहली और ग्यारहवीं रिपोर्ट में दी गई सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति, राज्यों के पास खर्च से बची रह गई बकाया राशियों के मुद्दों, एआरडब्लूएसपी के अंतर्गत अंतर घटक आबंटन और वास्तविक उपलब्धियों, बसावटों के पूर्ण कवर की स्थिति से नीचे चले जाने, स्वजलधारा के अंतर्गत वित्तीय और वास्तविक निपादन तथा सामुदायिक अंशदान, स्थिरता, जल प्रबंधन और संरक्षण के मुद्दों, पेयजल योजना के लिए भूजल पर निर्भरता के मुद्दों, ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की गुणवत्ता, ग्रामीण विद्यालयों में पेयजल की स्थिति, संपूर्ण स्वच्छता अभियान के अंतर्गत वित्तीय और वास्तविक निपादन, मिलेनियम विकास लक्ष्य को पाने के लिए तैयार की गई कार्ययोजना और नीतियों तथा अन्य विभागों तथा राज्य सरकारों के साथ और अधिक समन्वय करके संपूर्ण स्वच्छता अभियान की गति को तेज करने से संबंधित हैं।

Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 5838/07)

समिति द्वारा की गई विभिन्न सिफारिशों के कार्यान्वयन की मौजूदा स्थिति, मेरे वक्तव्य के साथ लगे अनुबंध में दी गई है, जो सदन के पटल पर प्रस्तुत है। सदन का बहुमूल्य समय व्यर्थ चले जाने से बचने के लिए मेरा अनुरोध है कि अनुबंध में दी गई सामग्री को पढ़ लिया गया समझा जाए।